उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–2724/25 दिनांक 10.03.25

सेवा में,

प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन एवं फार्मेसी के सहित) पाठ्यक्रमों की पूरक / मुख्य परीक्षा अप्रैल–2025 हेतु अत्यन्त आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय / महोदया,

अप्रैल–2025 में सम्पन्न होने वाली जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन एवं फार्मेसी के सहित) पाठ्यक्रमों के अर्ह छात्र / छात्राओं की परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें, जो निम्नानुसार हैं :–

1. कार्यालय द्वारा डिजिटलीय बारकोड (Digitally Barcode) युक्त उत्तरपुस्तिकाऐं एवं **पॉलिथीन पैकेट** जिसपर **प्रारूप–'अ'** चस्पा होगा, परीक्षा से पूर्व उपलब्ध कराया जायेगा।
2. परीक्षा के प्रश्न–पत्र इण्टरनेट के माध्यम से संस्थान के लॉगिन पैनल पर परीक्षा की तिथि के दिन ही परीक्षा समय–सारिणी के अनुसार परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रश्न–पत्र को डाउनलोड करने के लिए आपेक्षित संसाधन जैसे–**सी0सी0टी0वी0 कैमरे, कम्प्यूटर, इण्टरनेट कनेक्शन, प्रिन्टर, ए4 साइज के पेपर्स, मार्कर पेन** आदि की व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित कर लें, जिससे किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो।
3. उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ **(ओ0एम0आर0 शीट)** पर मांगी गई समस्त **वांछित सूचनाऐं यथा अनुक्रमांक, विषय कोड, सेंटर कोड** इत्यादि को कक्ष निरीक्षक के संरक्षण में प्रवेश–पत्र के अनुसार सावधानीपूर्वक भरवाना सुनिश्चित करें। किसी भी त्रुटि की दशा में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं कराया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं संस्थान की होगी।
4. परीक्षा में प्रयोग हेतु **'बी'** उत्तरपुस्तिका दिये जाने का कोई प्राविधान नहीं है।
5. सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न करायी जायेंगी और उसकी फुटेज दो प्रतियों में सुरक्षित रखी जायें। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर अथवा आवश्यकता पड़ने पर इस कार्यालय द्वारा फुटेज को परीक्षण हेतु मंगाने पर उपलब्ध हो सके।

...............02

6. प्रत्येक दिवस परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् उत्तरपुस्तिकाओं को सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में ही सील किया जाये।
7. उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड करने हेतु पॉलिथीन जिसपर प्रारूप–'अ' चस्पा होगा जो इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे, प्रविष्टियाँ **परमानेन्ट मार्कर** से भरकर विषयवार उत्तरपुस्तिकाएं सील की जायेंगी।
8. उक्त विषयवार भरे हुये सील्ड पैकेटों को एक साथ बंडल बनाकर **प्रारूप–'ब'** (कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध) चस्पा कर स्पष्ट रूप से प्रविष्टियाँ **परमानेन्ट मार्कर** से भरकर सील्ड बंडल को **स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/आर0एम0एस0 (इण्डिया पोस्ट)** के माध्यम से ही भेजना सुनिश्चित करें।
9. **प्रारूप–'अ'** एवं **'ब'** में दी गई प्रविष्टियाँ स्पष्ट रूप में **परमानेन्ट मार्कर** से ही भरी जायेंगी।
10. परीक्षा सम्पन्न होने के 01 घण्टे के अन्दर उत्तरपुस्तिकाओं को इस कार्यालय को **स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/आर0एम0एस0 (इण्डिया पोस्ट)** के माध्यम से ही भेजना सुनिश्चित करें।
11. प्रत्येक प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं को विषयवार प्रत्येक पैकेट में परीक्षार्थियों की उपस्थिति तालिका की छायाप्रति व परीक्षा में प्रयोग किया गया प्रश्न–पत्र अवश्य भेजना सुनिश्चित करें। उपस्थिति तालिका उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडल के साथ न होने की दशा में उनका मूल्यांकन कराना सम्भव नहीं हो सकेगा।
12. परीक्षा समाप्त होने के अन्तिम दिन परीक्षार्थियों के विषयवार समस्त उपस्थिति तालिका की एक फोटोकॉपी अपने पास सुरक्षित रखकर मूल प्रति को अलग से एक सील्ड पैकेट में इस कार्यालय को **स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/आर0एम0एस0 (इण्डिया पोस्ट)** द्वारा भेजना सुनिश्चित करेंगे।
13. **प्रत्येक दिन की विषयवार उपस्थिति तालिका स्कैन करके परीक्षा से सम्बन्धित विवरण यथा परीक्षा की तिथि, कॉलेज कोड, विषय कोड, उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या की तालिका बनाकर परीक्षा सम्पन्न होने के 01 घण्टे के भीतर कार्यालय की ई–मेल attendancesheet@upsmfac.org पर अवश्य प्रेषित करें।**
14. अन्तिम दिन की परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त अप्रयुक्त (UNUSED) उत्तरपुस्तिकाओं को अलग से एक सील्ड पैकेट में इस कार्यालय को पंजीकृत डाक से भेजना सुनिश्चित करेंगे।
15. परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रवेश–पत्र को छात्र/छात्राओं के पास ही रहने दें।
16. किसी अन्य माध्यम (कोरियर/व्यक्तिगत रूप) से भेजी गई उत्तरपुस्तिकाऐं इस कार्यालय में स्वीकार्य नहीं होगी एवं उनका मूल्यांकन नहीं कराया जायेगा।

नोट– इस कार्यालय द्वारा परीक्षा सम्बन्धी सूचना समय–समय पर इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर जारी की जायेंगी। कृपया वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।